SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs

24/01/2020

Q1. भारत की किस राज्य सरकार ने 26 जनवरी से स्कूलों में संविधान की प्रस्तावना पढ़ाना अनिवार्य कर दिया है?

क. दिल्ली सरकार

ख. महाराष्ट्र सरकार

ग. गुजरात सरकार

घ. केरल सरकार

महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में 26 जनवरी से स्कूलों में संविधान की प्रस्तावना पढ़ाना अनिवार्य कर दिया है. महाराष्ट्र के सभी स्कूलों में हर दिन प्रार्थना के बाद

SarkariExam.Com

संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया जायेगा. सरकार ने कहा है की प्रस्तावना का पाठ संविधान की संप्रभुत्ता, सबका कल्याण अभियान का हिस्सा है.

Q2. किस राज्य के नगरपालिका चुनावों में फेस रिकग्निशन एप का इस्तेमाल करने की घोषणा की गयी है?

क. दिल्ली नगरपालिका चुनावों

ख. गुजरात नगरपालिका चुनावों

ग. पंजाब नगरपालिका चुनावों

घ. तेलंगाना नगरपालिका चुनावों

तेलंगाना नगरपालिका चुनावों में चेहरा पहचानने वाले मोबाइल एप फेस रिकग्निशन एप का इस्तेमाल करने की घोषणा की गयी है. इस एप्प का इस्तेमाल 10 चयनित पोलिंग स्टेशंस पर पायलट के तौर पर किया जाएगा.

Q3. राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कितने बच्चों को राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया है?

क. 11 बच्चों

ख. 22 बच्चों

ग. 33 बच्चों

घ. 44 बच्चों

SarkariExam.Com

हाल ही में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देश के 22 बच्चों 10 लड़कियां और 12 लड़के को एक समारोह में राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया है. इन पुरस्कारों की भारतीय बाल कल्याण परिषद ने घोषणा की थी.

Q4. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2020 में किस बॉलीवुड अभिनेत्री को "क्रिस्टल अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया है?

क. प्रियंका चोपड़ा

ख. दीपिका पादुकोण

ग. करीना कपूर

घ. भूमि पेड्नेकर

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2020 में बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को मेंटल हेल्थ के बारे में जागरूकता फैलाने और नेतृत्व करने के लिए "क्रिस्टल अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया है. उन्हें मार्टिन लूथर दिवस पर इस अवार्ड से सम्मानित किया गया है.

Q5. प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के ब्रेक्जिट विधेयक को किस देश की संसद ने मंजूरी दे दी है?

क. अमेरिकी संसद

ख. ऑस्ट्रलियाई संसद

ग. ब्रिटेन संसद

घ. जापानी संसद

SarkariExam.Com

प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के ब्रेक्जिट विधेयक को हाल ही में ब्रिटेन संसद ने मंजूरी दे दी है. इस मंजूरी के बाद ब्रिटेन यूरोपीय संघ (EU) से बाहर निकल जायेगा. इस विधेयक को पूर्ण रूप के लागू करने के लिए बस महारानी से मंजूरी लेना रह गया है.

Q6. अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2020 में वैश्विक बेरोजगारी कितने मिलियन बढ़ने का अनुमान है?

क. 1.2 मिलियन

ख. 2.5 मिलियन

ग. 3.5 मिलियन

घ. 4.7 मिलियन

यूनाइटेड नेशन की अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2020 में वैश्विक बेरोजगारी करीब 2.5 मिलियन बढ़ने का अनुमान है. रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में दुनिया में लगभग 188 मिलियन लोग बेरोजगार हैं.

Q7. खेलो इंडिया यूथ गेम्स में किस राज्य ने 78 गोल्ड मेडल के साथ 256 मेडल जीतते हुए चैंपियनशिप जीत ली है?

क. केरल

ख. दिल्ली

ग. महाराष्ट्र

घ. गुजरात

SarkariExam.Com

महाराष्ट्र ने 78 गोल्ड मेडल के साथ 256 मेडल जीतते हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स चैंपियनशिप जीत ली है. 13 दिनों की इस चैंपियनशिप में महाराष्ट्र ने 78 गोल्ड, 77 सिल्वर और 101 ब्रोंज मेडल जीतते हुए लगातार दूसरी खेलो इंडिया युवा खेल ट्रॉफी जीती है.

Q8. खेलो इंडिया गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी को किस राज्य सरकार ने 1 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है?

क. पंजाब सरकार

ख. महाराष्ट्र सरकार

ग. मध्य प्रदेश सरकार

घ. गुजरात सरकार

गुजरात में आयोजित खेलो इंडिया गेम्स 2020 में गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी को मध्य प्रदेश सरकार ने 1 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है. जबकि सिल्वर मेडल जीतने वाले खिलाडी को 75 हजार और ब्रांज मेडल जीतने वाले को 50 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है.

Q9. अफगानिस्तान के शफीकुल्ला गफारी यूथ क्रिकेट में लगातार 2 वनडे में 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने दुनिया के कौन से खिलाडी बन गए है?

क. पहले

ख. दुसरे

ग. तीसरे

SarkariExam.Com

घ. चौथे

यूएई के खिलाफ अंडर-19 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान के शफीकुल्ला गफारी ने 5 विकेट लिए है इसके साथ ही वे यूथ क्रिकेट में लगातार 2 वनडे में 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने दुनिया के पहले खिलाडी बन गए है. यूएई से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में शफीकुल्ला गफारी 15 रन पर 6 विकेट लिए थे.

Q10. विश्व के किस देश की वर्ष 2020 की जनगणना में पहली बार सिखों की जातीय समूह की गणना करने की घोषणा की है?

क. जापान

ख. अमेरिका

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. पाकिस्तान

अमेरिका की वर्ष 2020 की जनगणना में पहली बार सिखों की जातीय समूह की गणना करने की घोषणा की है. यूनाइटेड सिख की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में सिखों की संख्या लगभग 10 लाख है. अमेरिका जनगणना से देश में सिखों का समान और सटीक प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित करना चाहता है.

SarkariExam.Com

Q11. भारत में ग्रांड ट्रंक रोड का निर्माण किसने करवाया था?

क. पृथ्वीराज चौहान

ख. शेरशाह सूरी

ग. कुतुबदीन ऐबक

घ. जहाँगीर

Q12. 10 फ़रवरी को पुरे भारत में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. राष्ट्रीय कैंसर दिवस

ख. राष्ट्रीय विज्ञानं दिवस

ग. राष्ट्रीय स्वच्छ दिवस

घ. राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

Q13. भारत के किस शहर में, सबसे गहरा और स्थलबद्ध सुरक्षित बंदरगाह स्थित है ?

क. विशाखापतनम

ख. दिल्ली

ग. पुणे

घ. अहमदाबाद

SarkariExam.Com

Q14. नीचे दिए गए भारत के किस राज्य की सीमा नेपाल से जुडी हुई है ?

क. केरल की

ख. चेन्नई की

ग. गुजरात की

घ. सिक्किम की

Q15. इनमे से कौन सी लिपि, भारत की सबसे प्राचीन लिपि है ?

क. प्राकृत

ख. सिन्धी

ग. खरोष्ठी

घ. ब्राह्मी

Q16. निम्न में से किसने 'चित्रा' उपन्यास लिखा है?

क. लाला लाजपत राय

ख. रवीन्द्र नाथ टैगोर

ग. सुभाषचंद्र बोस

घ. भगत सिंह

SarkariExam.Com

Q17. इनमे से किस फ्रीडम फाइटर ने नौजवान भारत सभा की स्थापना की थी?

क. महात्मा गाँधी

ख. सुभाषचंद्र बोस

ग. सरदार भगत सिंह

घ. शहीद गुरुदेव

Q18. भारत का पहला निगमीकृत मुख्य बंदरगाह कौन सा है ?

क. एन्नौर

ख. पारादीप

ग. दाहेज

घ. न्हावाशेवा

Q19. भारत में किस वर्ष STD सेवा की शुरुआत हुई थी?

क. 1960

ख. 1950

ग. 1972

घ. 1954

SarkariExam.Com

Q20. इनमे से किसे 'शेर-ए-पंजाब' का उपनाम भी दिया गया है?

क. लाला लाजपत राय

ख. रवीन्द्र नाथ टैगोर

ग. भीमराव आंबेडकर

घ. राजीव गाँधी

SarkariExam.Com